# आकाशवाणी शिमला
## 30.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

**मुख्य समाचार**

- **संजौली मस्जिद मामले में ज़िला अदालत का बड़ा फैसला– मस्जिद की तीन मंजिले तोड़ने के नगर निगम कोर्ट के फैसले को रखा बरकरार।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रोहडू में करीब सौ करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का किया शुभारंभ।**
- **प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर इस वर्ष खर्च होगी 3 सौ 30 करोड़ रूपये की राशि।**
- **राज्य के अनेक भागों में शीतलहर बढ़ी–एहतियात के तौर पर साच दर्रा आगामी आदेशों तक रहेगा बंद।**

**मस्जिद मामला**

राजधानी शिमला के बहुचर्चित संजौली मस्जिद मामले में ज़िला अदालत ने बड़ा फैसला लिया है। इस मामले को लेकर आज अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए मस्जिद की तीन मंजिलें तोड़ने के फैसले को बरकरार रखा है। मुस्लिम पक्ष ने नगर निगम कोर्ट के फैसले को ज़िला अदालत में चुनौती दी थी जिसमें नगर निगम कोर्ट ने मस्जिद की तीन मंजिलें हटाने के आदेश दिए थे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला ज़िले के रोहडू में आज करीब सौ करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने करीब 30 करोड़ रूपये की लागत से बने अत्याधुनिक सीए स्टोर का लोकार्पण किया, जिसकी क्षमता 7 सौ मीट्रिक टन से बढ़कर अब 2 हज़ार 31 मीट्रिक टन हो गई है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला सहित आयुर्वेदिक अस्पताल का भी शुभारंभ किया। बाद में रोहडू महाविद्यालय के समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित में कड़े निर्णय ले रही है, जिसके आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा और रोज़गार के बेहतर अवसर सुनिश्चित करने के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के करीब 15 हज़ार पद स्वीकृत किए गए हैं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

**सिकंदर कुमार**

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत व पैंशन राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत्त है और इस दिशा में पहल हो चुकी है। वे आज राज्य सभा में सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बोल रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि नाभिकीय विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के साथ संयुक्त उद्यमों को सक्षम करने के लिए सरकार ने परमाणु ऊर्जा अधिनियम–2015 में संशोधन किया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार देश के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्प है और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही है।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने नशे के खिलाफ सभी से एकजुटता से लड़ने का आहवान् किया है। शिमला ज़िले के राजकीय आदर्श विद्यालय जुन्गा के वार्षिक समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है और जन कल्याण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं।

**जगत सिंह**

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण में उत्सवों व महोत्सवों की सराहनीय भूमिका रही है। सोलन ज़िले के कुनिहार में रियासत विंटर कार्निवाल के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पर्यटकों व प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही है। जगत सिंह नेगी ने उम्मीद जताई कि ये विंटर कार्निवाल हिमाचली कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों को उचित मंच, मानदेय व सम्मान देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत्त है। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी भी इस दौरान मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य मंत्रालय**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सर्पदंश के मामलों और उससे होने वाली मौतों को राज्य लोक स्वास्थ्य अधिनियम और अन्य प्रावधानों के तहत अधिसूचित रोग की श्रेणी में रखने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों के प्रधान सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर, इस बात पर जोर दिया है कि सर्पदंश गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत 2030 तक सर्पदंश से होने वाली मौतों को आधा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि सर्पदंश की घटनाओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली की आवश्यकता है।

**शांडिल**

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा पर इस वर्ष 3 सौ 30 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा रही है। सोलन ज़िले के कंडाघाट में प्रदेश महिला इंटर पॉलिटेक्निक स्पोर्ट्स मीट के समापन पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा रोज़गार व स्वरोज़गार के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने बताया कि सरकार युवाओं को कृत्रिम मेधा और ड्रोन जैसे भविष्य के पाठ्यक्रमों में पारंगत बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में प्रदेश भर के 16 बहुतकनीकी संस्थानों की सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

**बाली**

दूसरी ओर, पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से प्रदेश में करीब 15 हजार युवाओं को रोज़गार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। कांगड़ा ज़िले के नगरोटा बगवां में जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि सोलर एनर्जी के माध्यम से भी 3 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में घरों की छतों पर करीब 16 लाख सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी है और ऊपरी क्षेत्रों में शीतलहर लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में कृषि व बागवानी पर इस बार सूखे की मार पड़ रही है। इससे न केवल सर्दियों के दौरान होने वाली रबी की फसल प्रभावित हुई है बल्कि बारिश न होने के कारण पेयजल व सिंचाई योजनाओं सहित पर्यटन कारोबार पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी होने जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

## साच पास

पांगी घाटी को चंबा जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला साच पास आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों साच दर्रे पर तापमान शून्य से नीचे चल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से सुबह और शाम के समय सड़क की सतह बर्फीली हो जाती है। ऐसे में अचानक बर्फबारी के कारण यात्रियों के फंसने की संभावना बढ़ जाती है।

## सामुदायिक भोज

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हमीरपुर में पाठ्य सहगामी क्रिया के तहत आज सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आपसी मेल–मिलाप और सामाजिक मूल्यों से परिचित करवाना रहा है। भोज के दौरान छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर खुशी व सहयोग से खाने का आदान–प्रदान किया। स्कूल के प्राचार्य सुनील चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आपसी सहयोग, सामुदायिक भागीदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे जीवन मूल्यों का विकास होता है।

## टीबी उन्मूलन

ऊना जिले में क्षय रोग उन्मूलन के लिए 7 दिसंबर से सौ दिन का व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य टी.बी. की पहचान, निदान और उपचार को सुनिश्चित करने सहित समुदाय में जागरूकता फैलाना है। ऊना में एक बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि अभियान में घर–घर जाकर टी.बी. के लक्षणों की पहचान की जाएगी। लक्षण पाए जाने पर तुरंत जांच व उपचार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, गैर–सरकारी संगठनों सहित सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।